श्री बंशीधर नगर, गुरुवार
27.06.2024
आषाढ़ कृष्णपक्ष पंचमी संवत 2081
वर्ष : 02, अंक : 302

**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 05:10 बजे
अस्त - 06:48 बजे
**तापमान**
अधिकतम : 37 डिग्री से.
न्यूनतम : 28 डिग्री से.

# बंशीधर न्यूज

कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...



डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com
| 24 लाख रुपये के ब्राउन शुगर के साथ तीन गिरफ्तार >> पेज 03 | ओम बिरला फिर बने लोकसभा अध्यक्ष >> पेज 04

**सुविचार**

सफलता हाथों की लकीरों में नहीं, माथे के पसीने में होती है!

**न्यूज अपडेट्स**

### झारखंड कैबिनेट की बैठक 28 को

**रांची।** राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक 28 जून को होगी। मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन की अध्यक्षता में शाम चार बजे से प्रोजेक्ट भवन में कैबिनेट की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जायेंगे। इस संबंध में मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग ने आदेश जारी किया है और विभागों से प्रस्ताव मांगा है।

### रेलवे टिकट की कालाबाजारी करते एक गिरफ्तार

**रांची।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने रेलवे टिकट की कालाबाजारी करते एक दुकानदार रिजवान अहमद को गिरफ्तार किया है। आरपीएफ ने अपराध शाखा रांची के साथ मिलकर लोकल पुलिस गोंदा थाना की सहायता से यह कार्रवाई की है। गुप्त सूचना के आधार पर गोंदा थाना के कांके रोड स्थित चांदनी चौक के मरियम कंप्युटर में छापेमारी की गई। जांच के दौरान दुकानदार रिजवान अहमद के पास से 14 ई-टिकट बरामद किए गए। बरामद टिकट का मूल्य 39 हजार था। पूछताछ में दुकानदार ने अपना जुर्म कबूल किया। रेलवे एक्ट की धारा 143 के तहत उसे गिरफ्तार किया।

**कार्यक्रम** ▶ **जागरूकता शिविर में सीएम चंपाई ने कहा**

# नशामुक्त राज्य बनाना प्राथमिकता

**रांची।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार नशा मुक्त झारखंड बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य सरकार विशेष जागरुकता अभियान चलाकर जन-जन को नशा के दुष्प्रभाव की जानकारी दे रही है। गांव, मोहल्ला, पंचायत, प्रखंड, जिला एवं राज्य स्तर पर विभिन्न माध्यमों से व्यापक प्रचार-प्रसार कर लोगों को मादक पदार्थों से दूर रहने की अपील की जा रही है।



मुख्यमंत्री चम्पाई बुधवार को मोरहाबादी मैदान पर आयोजित ₹मादक पदार्थों के विरुद्ध राज्य स्तरीय जागरूकता₹ कार्यक्रम में शामिल हुए और लोगों से नशे से बचने की सलाह दी। इस मौके पर मुख्यमंत्री चम्पाई ने कहा कि वर्तमान समय में नशीली पदार्थ का व्यापक रूप से फैलाव हो रहा है। खास तौर पर मादक पदार्थों के तस्कर विद्यालय, कॉलेज आदि क्षेत्र में युवा वर्ग को नशीली चीजों की लत लगा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार नशीली पदार्थों के तस्करों पर निरंतर कार्रवाई कर रही है। सूचना के आधार पर पुलिस प्रशासन ने कई जगहों पर अफीम की खेती को नष्ट किया गया है। ब्राउन शुगर, गांजा, डोडा आदि मादक पदार्थों की रिकवरी भी हुई है। सैकड़ों की संख्या में आरोपितों को जेल भेजा गया है। जिला पुलिस द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़े अंतराज्यीय गिरोह का पदार्फाश किया गया है तथा सप्लाई चेन को चिन्हित कर कार्रवाई भी की जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि युवा हमारे राज्य और देश के भविष्य हैं। युवाओं को नशा मुक्त रख कर ही समृद्ध प्रदेश का निर्माण किया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोई भी परिवार या समाज नशा मुक्त रहकर ही उन्नति की मार्ग पर आगे बढ़ सकता है। मनुष्य जीवन में नशा नाश का कारण बनता है। नशा शारीरिक खतरा है। नशा से शरीर को क्षति पहुंचती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि युवा वर्ग अगर नशे की चपेट में रहेंगे तो उनके जीवन के साथ राज्य और देश के भविष्य पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। किसी भी हाल में राज्य के युवाओं को नशे की चपेट में नहीं आने देंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हमसभी लोगों को यह संकल्प और प्रतिज्ञा लेने का दिन है कि स्वयं के साथ-साथ दूसरों को भी नशा से दूर रहने के लिए प्रेरित करेंगे तथा नशा मुक्त समाज के निर्माण में अपनी महत्ती भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री एवं अन्य गणमान्य अतिथियों ने मादक पदार्थों पर रोक के लिए पूर्णतः संकल्पित झारखंड सरकार.. पुस्तक का अनावरण भी किया गया। मादक पदार्थों के विरुद्ध राज्य स्तरीय जागरुकता कार्यक्रम में मानव श्रृंखला, साइकिल दौड़, बच्चों का मैराथन दौड़ आदि कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

इस अवसर पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मुख्य सचिव एल खियांग्ते, डीजीपी अजय कुमार सिंह, प्रधान सचिव वंदना दादेल, महिला व बाल विकास एवं समाज कल्याण विभाग के सचिव मनोज कुमार, पर्यटन विभाग के सचिव मनोज कुमार, डीजी सीआईडी अनुराग गुप्ता, आईजी सीआईडी, डीआईजी रांची, उपायुक्त रांची, वरीय पुलिस अधीक्षक रांची सहित अन्य गणमान्य लोग एवं स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री ने धनबाद जिले को 383.70 करोड़ की योजनाओं की दी सौगात




**धनबाद।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन बुधवार को धनबाद के बिरसा मुंडा मेगा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में कुल 383.70 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और परिसंपत्तियों का वितरण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अगले माह से मुख्यमंत्री बहन-बेटी योजना का शुभारंभ होगा। इसके अलावा युवाओं को 25 लाख तक का लोन और 40 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा।

सोरेन ने कहा कि पूरे भारत की नजर धनबाद पर है। यहां का कोयला पूरे देश में प्रसिद्ध है। तीन माह तक आम चुनाव में रहने के कारण सारा काम रुक गया था। चुनाव समाप्त होते हैं यहां की शिक्षा और सामाजिक स्थिति को उन्होंने देखा। उन्होंने कहा कि यह धनी जिला है लेकिन यहां के विस्थापित और मजदूरों की हमारी सरकार पर नजर है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ऐसी नीति लाने का काम कर रही है, जिससे कोई विस्थापित ना हो और फायदा मिले। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य बने 24 साल बीत गए। डबल इंजन की सरकार की नजर केवल यहां के खनिज संपदा पर थी लेकिन वर्ष 2019 में यहां के लोगों ने हेमंत सोरेन के हाथों में राज्य की सत्ता दी। सत्ता मिलने के बाद सभी कोरोना की चपेट में चले गए। सरकार की पहली प्राथमिकता लोगों की सुरक्षा और प्रवासी मजदूरों को घर वापस लाना था। सरकार ने अपने लोगों की चिंता की। उन्होंने कहा कि इन दो सालों के बाद सरकार की हर योजना एक एक गांव में पहुंचाया। सरकार आपके द्वारा गई और लाभ दिया।

चम्पाई ने कहा कि भाजपा ने यहां के आदिवासी, मूलवासी, दलित किसी के हित में योजना लाने का काम नहीं किया। उन्होंने कहा कि महागठबंधन सरकार ने हर विद्यार्थी को तीन गुना छात्रवृत्ति दिया। नौ लाख बेटियों को लाभ दिया ताकि कोई अनपढ़ न रहे। सरकार ने उच्च शिक्षा के लिए गुरु जी क्रेडिट कार्ड की सुविधा दी। इसका लाभ सभी वर्ग को दिया। उन्होंने कहा कि हर खेत को पाइप लाइन से पानी देंगे।

## अलकतरा घोटाले के दोषी को तीन वर्ष का सश्रम कारावास

**रांची।** प्रिवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने बुधवार को अलकतरा घोटाला के दोषी विजय कुमार तिवारी को तीन वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई। साथ ही एक लाख रुपये का जुमार्ना भी लगाया। इस मामले में ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार ने पक्ष रखा। ट्रायल के दौरान ईडी की ओर से 18 गवाह और कई साक्ष्य कोर्ट में प्रस्तुत किए गए। ईडी ने 55 लाख 42 हजार रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में वर्ष 2012 में (ईसीआर 8/2012) केस दर्ज किया था। विजय कुमार तिवारी की कंपनी कलावती कंस्ट्रक्शन को वर्ष 2008-9 में पलामू में सड़क मरम्मत का काम मिला था। सड़क निर्माण विभाग ने कलावती कंस्ट्रक्शन को बालूमाथ से हेरहंज पांकी रोड़ की मरम्मत के कार्य का ठेका 1.32 करोड़ रुपये में दिया था। इसमें एक करोड़ नौ लाख रुपये का भुगतान सरकार की ओर से कर दिया गया था। विजय कुमार तिवारी ने अलकतरा के 11 फर्जी बिल विभाग में जमा कर पैसे की निकासी कर ली। कंपनी की ओर से जमा किए 13 में 11 बिल फर्जी पाए गए थे। फर्जी बिल के जरिए 55 लाख 42 हजार रुपये की निकासी हुई थी।

## मेनहर्ट घोटाला मामले में सरयू राय की क्रिमिनल रिट खारिज

रांची। झारखंड हाई कोर्ट ने बुधवार को राज्य के पूर्व मंत्री और जमशेदपुर के निर्दलीय विधायक सरयू राय की उस क्रिमिनल रिट को खारिज कर दिया है, जिसमें उन्होंने मेनहर्ट घोटाला की जांच की मांग की थी। केस से जुड़े सभी पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने 22 जून को फैसला सुरक्षित रख लिया था। हाई कोर्ट के जस्टिस आनंद सेन की बेंच में इस मामले की सुनवाई हुई थी। निर्दलीय विधायक सरयू राय झारखंड विधानसभा में भी मेनहर्ट का मुद्दा उठा चुके हैं। सरयू राय ने कहा था कि झारखंड के अलग राज्य बनने के बाद रांची के कुछ समाजसेवी की ओर से झारखंड हाई कोर्ट में याचिका दी गई, जिसमें कोर्ट ने 2003 में अहम आदेश दिया है। इसमें प्रदेश सरकार को राजधानी रांची में भी सीवरेज-ड्रेनेज प्रणाली विकसित करने के लिए कहा था। उस आदेश के बाद तत्कालीन नगर विकास मंत्री बच्चा सिंह के आदेशानुसार परामर्शी बहाल करने के लिए टेंडर निकाल कर दो परामर्शियों का चयन किया गया लेकिन इसी बीच सरकार बदल गई। वर्ष 2005 में अर्जुन मुंडा सरकार में नगर विकास मंत्री रघुवर दास बनाए गए। उन्होंने डीपीआर फाइनल करने के लिए 31 अगस्त को बैठक बुलाई, जिसमें फैसला लिया गया कि पहले से चयनित परामर्शी को हटा दिया जाए। बाद में ये मामला हाई कोर्ट में भी गया। आरोपों के मुताबिक, इसपर तकरीबन 21 करोड़ रुपये खर्च हुए लेकिन धरातल पर कोई काम नहीं हुआ। इसकी जांच भी कराई गई लेकिन जांच रिपोर्ट पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। झारखंड की राजधानी रांची में सिवरेज-ड्रेनेज निर्माण के लिए डीपीआर तैयार करने के लिए जिस मैनहर्ट को कंसल्टेंट नियुक्त किया गया, उसमें अनियमतता का आरोप है।

**नीट पेपर लीक मामले की जांच करने हजारीबाग पहुंची सीबीआई**

# ओएसिस स्कूल में हुई जांच

**हजारीबाग।** नीट पेपर लीक मामले की जांच करने बुधवार को सीबीआई की टीम हजारीबाग के ओएसिस स्कूल पहुंची। सीबीआई की टीम स्कूल में हर पहलू की जांच-पड़ताल कर रही है। नीट पेपर लीक मामले में इस स्कूल का नाम सामने आया है। पटना के जिस रामकृष्णा नगर स्थित एक निजी स्कूल से बरामद हुआ नीट यूजी 2024 का अधजला जब्त प्रश्न पत्र मिला था उसका सीरियल कोड हजारीबाग (झारखंड) के मंडई रोड स्थित ओएसिस स्कूल परीक्षा केंद्र से लीक हुआ था।



बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) के सत्यापन में प्रथम द्रष्टया इस परीक्षा केंद्र से प्रश्न पत्र की पैकिंग के संदिग्ध पॉलीबैग संबंधित अभ्यर्थी से बरामद मूल प्रश्न पत्र की पैकिंग और संबंधित पैकिंग ट्रंक में इन सभी के साथ छेड़छाड़ होना पाया गया है।अ प्रश्न पत्र की सॉल्वड पीडीएफ कॉपी संजीव कुमार उर्फ लूटन मुखिया ने भेजा था। ईओयू की जांच में खुलासा हुआ है कि प्रश्न पत्र की सॉल्वड पीडीएफ कॉपी संजीव कुमार उर्फ लूटन मुखिया के माध्यम से गिरफ्तार अभियुक्त बालदेव कुमार उर्फ चिंटू के मोबाइल पर परीक्षा तिथि पांच मई की सुबह पहुंची थी, जिसके बाद उसे अभ्यर्थियों को रटवाया गया। अधजले प्रश्न के सीरियल कोड से संबंधित जानकारी 20 जुलाई को एनटीए से मिलने के बाद स्पष्ट हुआ कि यह सीरियल कोड हजारीबाग के मंडई रोड के कल्लू चौक स्थित ओएसिस स्कूल का है। इसके बाद ईओयू की टीम ने हजारीबाग जाकर इसका सत्यापन किया।सत्यापन में पैकिंग ट्रंक में प्रथम द्रष्टया छेड़छाड़ होना पाया गया है। हजारीबाग ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल सह एनटीए सिटी कोऑर्डिनेटर डॉ. एहसान उल हक ने पिछले दिनों बताया था कि एनटीए के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए उन्होंने पांच मई को नीट यूजी परीक्षा आयोजित की थी। पेपर लीक मामले की जांच बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) की टीम कर रही है।

# राज्य में रात 12 बजे के बाद ना खुलें बार-रेस्टोरेंट : हाई कोर्ट

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने बुधवार को सुनवाई के दौरान कहा कि राज्य सरकार यह सुनिश्चित करे कि रात 12:00 बजे के बाद किसी भी हालत में बार एवं रेस्टोरेंट खुला नहीं रहे। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि पुलिस की टीम बनाई गई है जो बार एवं रेस्टोरेंट पर नजर रखेगी। मामले की अगली सुनवाई नौ जुलाई को होगी।

सरकार की ओर से यह भी कोर्ट को बताया गया कि रांची शहर में चल रहे बार एवं रेस्टोरेंट के बंद होने एवं खुलने होने का समय कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। कोर्ट ने मौखिक कहा कि



अफीम, चरस, गांजा के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई के संबंध में सरकार का शपथ पत्र अदालत को गुमराह वाला नहीं होना चाहिए। कोर्ट ने कहा कि रांची शहर में बार एवं रेस्टोरेंट की संख्या दिनों दिन बढ़ती जा रही है। इनमें कई ऐसे भी हैं, जिन्होंने लाइसेंस नहीं लिया है और उनके यहां शराब पीने की व्यवस्था रहती है। इनके खिलाफ कड़ा एक्शन लिया जाए। पुलिस नशा रोकने के अभियान को सिर्फ आईवास के रूप में ना ले। सामाजिक दायित्व देखते हुए नशा उन्मूलन के लिए अभियान चलाएं। कोर्ट ने कहा कि राजधानी रांची के लालपुर, डोरंडा, बिरसा चौक के आसपास, तुपुदाना में कई रेस्टोरेंट खुले हैं, जहां लोग रात में शराब का सेवन करते हैं। इन रेस्टोरेंट के पास बिना लाइसेंस के ही शराब की व्यवस्था रहती है। नारकोटिक्स क्राइम ब्यूरो के अधिवक्ता ने कहा कि सैटेलाइट मैपिंग के माध्यम से पुलिस को कई अफीम की खेती के बारे में उनकी ओर से जानकारी दी गई थी, जिसे पुलिस ने ध्वस्त कर दिया।

# सरकारी दवाएं फेंके जाने के 103 दिन बाद भी कार्रवाई नहीं किये जाने की सीएम से की फरियाद



बंशीधर न्यूज

**कांडी :** थाना क्षेत्र में काफी बड़े पैमाने पर डेटवाली सरकारी दवाएं फेंक दिये जाने के मामले में 103 दिन बाद भी कोई कार्रवाई नहीं किये जाने को लेकर सीएम से फरियाद की गई। सीएम ने तुरंत रिपोर्ट तलब कर दोषियों के विरूद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई का भरोसा दिलाया। कांडी के सतबहिनी के निकट एक गड्ढे में करीब पांच लाख रुपये की कामयाब सरकारी दवाएं फेंकी हुई पाई गई थी। यह 16 मार्च 2024 की घटना है। इस गंभीर मामले की जानकारी दिये जाने पर झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री ने जांच व कार्रवाई का निर्देश दिया था। बावजूद इसके कांडी थाना में अज्ञात के खिलाफ एफआईआर के बाद से मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है। इससे आक्रोशित ग्रामीणों ने कांडी अस्पताल के निकट 11 जुन को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन भी किया है।स्वयंसेवी संस्था दृष्टि यूथ ऑर्गेनाईजेशन के प्रधान सचिव शशांक शेखर ने मंगलवार को मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से मिलकर इस अक्षम्य आपराधिक वारदात की विस्तार से जानकारी दी तथा आवेदन सौंपकर कार्रवाई की मांग की। सीएम ने तत्काल अपने निजी सचिव को संबंधित घटना की रिपोर्ट मंगाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इसके दोषियों को पकड़कर कड़ी से कड़ी सजा दी जायेगी। युवा समाजसेवी ने दो दिन पहले गढ़वा जिला में ही मझिआंव प्रखंड के पुरहे के सुगवा नाला के निकट बड़े पैमाने पर दवाएं फेंके जाने की भी जानकारी दी। लोकल जांच में उसे प्राईवेट दवा बताया जा रहा है। कहा गया कि सरकारी अस्पताल में जेनरिक दवाएं नहीं आतीं। जबकि सदर अस्पताल के दवा वितरण केंद्र से केवल जेनरिक दवाएं दी जाती हैं। जबकि सदर अस्पताल के ही पीएम जन औषधि केंद्र में भी आधी जेनरिक दवाएं ही रहती हैं।

**न्यूज अपडेट्स**

### टंडवा की टीम टी टेन नाईट क्रिकेट की बनी विजेता

**रमना :** टी टेन नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन-टू का फाईनल मैच मंगलवार की रात हाईस्कूल के मैदान में टंडवा क्रिकेट टीम और रमना क्रिकेट टीम के बीच खेला गया। टंडवा की टीम ने 30 रनों से आरसीसी को हराकर कप और 25 हजार रुपये के नगद इनामी राशि पर कब्जा जमा लिया। टंडवा की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुये 10 ओवर में 6 विकेट खोकर 104 रन बनाया। जवाबी पारी खेलते हुये आरसीसी के टीम आठ विकेट खोकर मात्र 74 रन ही बना सकी। विजेता टीम को जिप अध्यक्ष शांति देवी, थाना प्रभारी असफाक आलम और झामुमो नेता ताहिर अंसारी ने संयुक्त रुप से ट्राफी और इनामी राशि का चेक प्रदान किया। मैन ऑफ द मैच शुभम और मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार ललन गुप्ता को दिया गया। पुरस्कार वितरण समारोह का संचालन समाजसेवी अनुज कुमार और अभिषेक रानू के द्वारा किया गया। मौके पर अध्यक्ष विशाल कुमार सिंह उर्फ पेड़ा, सचिव अमित कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष राकेश कुमार पटेल, उप सचिव प्रियदर्शी पासवान, उपाध्यक्ष संदीप कुमार, दिनेश गुप्ता, राजाराम प्रसाद, मुकेश प्रजापति, रंजित कुमार, विकास कुमार, अमित प्रकाश, ऋषि सिंह, विश्वकर्मा सोनी, टंडवा मुखिया संतोष सिंह, बिरैची पासवान, प्रियांशु ठाकुर, प्रकाश कुमार, विक्की गुप्ता, रवि रंजन, टुनटुन सोनी, दीपू सोनी, चंदन पाल, श्रवण सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

**पलामू** पांकी में जमीन विवाद में मारपीट, फायरिंग

# किशोर की जांघ में लगी गोली, दो धराये

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के पांकी थाना क्षेत्र अंतर्गत माड़न में जमीन विवाद में दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। इस दौरान कई राउंड फायरिंग हुई। एक गोली प्रत्यक्षदर्शी हयातुल अंसारी (15) के दाएं जांघ में लग गयी। किशोर को एमआरएमसीएच में भर्ती कराया गया है। एक्स-रे रिपोर्ट के अनुसार गोली निकालने के लिए ऑपरेशन किया जायेगा। घटना बुधवार दोपहर की है।



बताया जाता है कि जमीन के एक प्लॉट को लेकर राजकुमार राम और बासुदेव राम के बीच विवाद चल रहा था। बासुदेव इस पर चहारदीवारी बना रहा था। इसे रोकने के लिए राजकुमार परिवार के सदस्यों के साथ पहुंचा तो विवाद काफी बढ़ गया। पहले दोनों पक्षों में लाठी-डंडे से मारपीट हुई। इस बीच बासुदेव के बेटे ने दोस्त से अग्नेयास्त्र लेकर फायरिंग शुरू कर दी। बाद में उसके दोस्त ने भी गोली चलायी। गोली चलते ही घटनास्थल पर भगदड़ मच गयी। मारपीट को स्थानीय लोग देख रहे थे। भागने के क्रम एक गोली हयातुल अंसारी के जांघ में लग गयी। घटना के बाद मौके पर पहुंची पांकी थाना पुलिस ने घायल हयातुल अंसारी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पांकी लाया, जहां मौके पर मौजूद चिकित्सक डॉ. शिव शंकर मुर्मू ने प्राथमिक इलाज कर उसे मेदिनीनगर मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया। एक पक्ष के गंभीर रूप से घायल वासुदेव राम का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। थाना प्रभारी उत्तम तिवारी ने बताया कि जमीन के एक छोटे प्लॉट पर चहारदीवारी देने को लेकर विवाद था। गोली चलाने वाले वासुदेव राम के बेटे के दो दोस्तों को पुलिस गिरफ्तार कर लिया है। अन्य आरोपितों की तलाश की जा रही है। जख्मी हयातुल अंसारी ने कहा कि ग्रामीणों के साथ वह लड़ाई देख रहा था। इसी दौरान कुछ लोगों ने बंदूक निकाली तो ग्रामीण भागने लगे। वह भी भाग रहा था लेकिन गोली उसे लग गयी। मौके पर तीन राउंड हवाई फायरिंग हुई।

### पलामू में पिस्टल और गोली के साथ तीन गिरफ्तार



**मेदिनीनगर।** नेशनल हाईवे-39 पर सतबरवा थाना क्षेत्र के पोखराहा में मंगलवार शाम बाइक सवार तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया गया। उनके पास से पिस्टल, गोली के अलावा बाइक और मोबाइल बरामद हुआ। सभी को न्यायिक हिरासत में बुधवार को भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार आरोपितों की पहचान लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के गोपालगंज के रहने वाले रिशु कुमार पांडे (22), शशि रंजन उर्फ पंचम कुमार (19), अखिलेश कुमार उर्फ छोटू भुइयां (19) शामिल हैं। तीनों ने मिलकर 22 जून को पोखराहा में फायरिंग करते हुए अवधेश यादव के साथ लूटपाट की थी। मोबाइल छीन लिया था। इस संबंध में सतबरवा थाना में मामला दर्ज किया गया था।

### मजदूरी करने बाहर गया व्यक्ति दो महीने से गुम



**रमना :** क्षेत्र के लिये पलायन केवल समस्या ही नहीं है, एक भयंकर अभिशाप भी बन गया है। गत दिन पहले ही बहियार खुर्द पंचायत के सीरियाटोंगर के मजदूरी करने जा रहे पांच मजदूरों का टेम्पू-ट्रक की टक्कर में मौत हो गयी थी। आये दिन दूसरे राज्यों में कमाने गये गरीब मजदूरों का शव आते रहता है। लेकिन इस क्षेत्र की जनता और जनप्रतिनिधि दोनों ही पता नहीं किस बेवसी का शिकार हैं कि पलायन के रोकथाम के लिये कोई आवाज ही नहीं उठाते। पलायन को विवश सिलीदाग पंचायत के 43 वर्षीय मजदूर शम्भू राम पिता स्व पच्चू दुसाध मजदूरी करने के लिये जा ही रहे थे कि सिकंदराबाद के जोड़िबाटारा रेलवे स्टेशन से चार अप्रैल 2024 को गायब हो गये, जिसका अभी तक कोई अता-पता नहीं चला है। गुमशुदगी की सूचना सिकंदराबाद के सम्बंधित थाना में दे दी गई थी। लापता शंभू राम का एक पुत्र है जो उस दिन साथ ही मजदूरी करने जा रहा था उसने अपने स्तर से काफी खोजबीन किया, लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं मिल पाया। उक्त मजदूर के लापता हुये करीब दो माह होने को है। पत्नी और पुत्र किसी अनहोनी होने की शंका में बहुत परेशान और दुखी हैं।

### कार्यकर्ताओं को सम्मान कर गौरवान्वित हूं : अरुणा शंकर



**मेदिनीनगर :** मेदिनीनगर नगर निगम की प्रथम महापौर सह भाजपा नेत्री अरुणा शंकर ने केंद्रीय कृषि मंत्री सह झारखंड चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान व सह प्रभारी असम के मुख्यमंत्री हेमंता विश्व शर्मा के आह्वान पर कार्यकताओं को बुलाकर बात करने की बजाय उनके घर तक जाकर सम्मान देने की बात कही। श्रीमती शंकर ने कहा कि हमारे भाजपा ग्रामीणों के बीच चौपाल लगाकर केंद्र सरकार संचालित योजनाओं को बताएंगे। उन्होंने कहा कि बीते लोकसभा चुनाव में डाल्टनगंज विधानसभा के हर मंडल में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन हेतु डाल्टनगंज विधानसभा के सभी मंडल अध्यक्षों को घर घर जाकर सम्मानित करने का निर्णय लेते हुये आज नगर मंडल अध्यक्ष छोटू सिंहा, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सुनील पांडेय व चैनपुर मंडल अध्यक्ष शशि भूषण पांडेय को उनके घर जाकर सम्मानित किया है। उन्होंने कहा किसी भी चुनाव में प्रत्याशी चुनाव नहीं लड़ता, बल्कि कार्यकर्ता चुनाव लड़ते हैं। मैं आज मंडल अध्यक्षों को सम्मानित कर अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रही हूं।

## क्षेत्र के विकास में बिजली की बड़ी भूमिका : डॉ मेहता

बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशि भूषण मेहता ने नीलाम्बर पीताम्बरपुर के ग्राम ढेला गांव में प्रमुख सुनील कुमार पासवान, मुखिया पूनम देवी ने संयुक्त रूप से पूजा अर्चना एवं फिता काटकर ट्रांसफार्मर का स्विच दिया। स्विच देते ही ढेला गांव में बिजली की सप्लाई शुरू हो गई। मौके पर पांकी विधायक ने कहा कि नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड मुख्यालय से



सटे ढेला गांव के लोग बिजली समस्या से परेशान थे। इसकी सूचना मिलने पर तत्काल संज्ञान लिया और यहां लोड को देखते हुये 200 केवीए का ट्रांसफार्मर लगवाया है। अब गांव के लोगों को लो-वोल्टेज की समस्या नहीं होगी। बच्चों को पढ़ाई करने में दिक्कत नहीं होगा, साथ ही बिजली समस्या को लेकर उत्पन्न हुई पेयजल संकट भी दूर होगा। उन्होंने कहा कि हाल ही में पांकी में भी 200 केवीए का दो ट्रांसफार्मर लगवा कर वहां के लोगों को बिजली समस्या से निजात दिलाया है। सड़क, बिजली, पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं को लेकर की विधानसभा क्षेत्र में जोर-जोर से काम हो रहा है। जन समस्याओं का समाधान करना पहली प्राथमिकता में है। मुखिया पूनम देवी ने 200 केवीए का ट्रांसफार्मर मुहैया कराने पर पांकी विधायक को धन्यवाद दिया कहा कि अब गांव के आधे हिस्से में इस ट्रांसफार्मर से बिजली आपूर्ति होगी तथा आधे हिस्से में पुराने वाले ट्रांसफार्मर से ग्रामीणों को बिजली मिलेगा। जिससे अब गांव में किसी को भी लोवोल्टेज का सामना नहीं करना पड़ेगा। ग्रामीण ने विधायक का स्वागत किया। मौके पर सुदेश सिन्हा, संजीव सिन्हा, वीरेंद्र कुमार, लाला प्रसाद यादव, प्रोफेसर बच्चन ठाकुर, सुनील कुशवाहा, पंकज मिश्रा, देवराज, चीकू, पालो राम, विशवनाथ भुईयां, अमारीक भुईयां, चन्द्रधन साव समेत काफी संख्या में स्थानीय महिला पुरुष उपस्थित थे।

## मुख्य सड़क की दुर्दशा के खिलाफ सड़क पर उतरे आप के नेता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के पांकी प्रखंड के भरी-हूरलौंग-गोगाड़ मुख्य सड़क का निर्माण कार्य महीनों से बंद होने से आम लोगों की परेशानी को देखते हुए आम आदमी पार्टी (आआपा) के प्रदेश प्रवक्ता ओंकार नाथ जायसवाल ने बुधवार को सड़क पर बैठकर पूर्व और वर्तमान विधायक के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। ओंकार नाथ जायसवाल ने कहा कि पूर्व और वर्तमान विधायक की आपस लड़ाई में पांकी विधानसभा क्षेत्र में करीब सौ करोड़ से की अधिक की योजनाएं बंद पड़ी हैं। पूर्व और वर्तमान विधायक ठेकदारी और कमीशन के लिए आपस



में लड़ रहे हैं जबकि आम जनता समस्या से जूझ रही है। पूर्व और वर्तमान विधायक की लड़ाई के कारण ही भरी-हुरलौंग से गोगाड़ मुख्य सड़क की स्थिति ज्यों के त्यों बनी हुई है। जायसवाल ने कहा कि वर्तमान विधायक ने सड़क का निर्माण कार्य कराना शुरू किया तो पूर्व विधायक ने कोर्ट में रिट याचिका दायर कर सड़क का निर्माण कार्य रोकवाने का काम किया। उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक का पांकी विधानसभा क्षेत्र में सौ करोड़ से अधिक की योजना है लेकिन ठप पड़ी है। उन्होंने कहा कि यदि एक सप्ताह के भीतर सड़क का निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ तो गाजे-बाजे के साथ इस रोड पर पूर्व और वर्तमान विधायक की शव यात्रा निकालेंगे।

आआपा नेता कौशल किशोर बच्चन ने कहा कि तीन माह पूर्व भरी-हुरलौंग से गोगाड़ सड़क का निर्माण शुरू हुआ था लेकिन पूर्व विधायक ने इसे रोकवा दिया। सड़क पर मेटल डालकर छोड़ने से आम लोगों की परेशानी बढ़ गई है। आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है। गौरतलब है कि 13 मार्च को पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने भरी-हुरलौंग से गोगाड़ मुख्य सड़क का शिलान्यास किया था। संवेदक ने निर्माण कार्य शुरू कर दिया। इस बीच पूर्व विधायक ने टेंडर प्रक्रिया में गड़बड़ी का हवाला देकर कोर्ट में याचिका दायर कर सड़क निर्माण कार्य को बंद करा दिया गया, जिससे आम लोगों को आवागमन करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस सड़क से कई गांव और पंचायत के लोग आवागमन करते हैं।

### वरदान साबित होगा ईंसाफ स्मॉल फाईनेंस बैंक : आलोक

बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** रेड़मा काली मंदिर के समीप ईंसाफ स्मॉल फाईनेंस बैंक के नये शाखा का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन जिला परिषद उपाध्यक्ष सह झामुमो नेता आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह व पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार सिंह उर्फ बिट्टू सिंह ने फीता काटकर किया। मौके पर जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह ने कहा कि मध्य एवं निम्न वर्ग के ग्राहकों के लिये यह बैंक वरदान साबित होगा। उन्होंने कहा कि लोग छोटी-छोटी बचत कर अपनी आर्थिक स्थिति में सुधार कर सकेंगे। बिट्टू सिंह ने कहा कि शहर में नये बैंक का शाखा खुलना इस बात का प्रतीक है कि शहर दिन-ब-दिन प्रगति की ओर आगे बढ़ रहा है।



उन्होंने कहा कि ईंसाफ स्मॉल फाईनेंस बैंक के माध्यम से स्थानीय ग्राहकों को अपनी सुविधा के अनुकूल खाता संचालन करने तथा लेनदेन के कार्यों में काफी सहयोग मिलेगा। उन्होंने कहा कि पुराने एवं नामी बैंकों में लोगों की इतनी भीड़ हो जाती है कि ग्राहकों की सुविधा-असुविधा का ख्याल बैंक कर्मी नहीं रख पाते हैं। नई शाखा खुलने से बैंकों में भीड़ कम होगी एवं ग्राहकों को अधिक सुविधा मिलेगी। मौके पर ईंसाफ स्मॉल फाईनेंस बैंक के क्लस्टर हेड पिंटू कुमार सिंह ने कहा कि यह बैंक 16 तरह के बचत खाते प्रदान करता है। डालटेनगंज शाखा के ब्रांच हेड सौरभ राज ने कहा कि एसएफ स्मॉल फाईनेंस बैंक का उद्देश्य मध्य एवं निम्न वर्ग के व्यवसाईयों का सहयोग करना है। कार्यक्रम में ओरिएंट पब्लिक स्कूल के निदेशक सुधीर कुमार मेहता, प्राचार्य धीरज मेहता, कैंब्रिज पब्लिक स्कूल के प्राचार्य नंद किशोर भारती, प्रमोद कुमार सिंह, सुमित कुमार, बैंक अधिकारी रणधीर कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

## न्यूज अपडेट्स

### 5 लाख के जेवर सहित लैपटॉप की चोरी

**नावाबाजार** : नावाबाजार प्रखंड मुख्यालय में इन दिनों चोरों का आतंक बढ़ गया है। कल शाम चोरों ने 5 लाख के जेवर समेत लैपटॉप पर हाथ साफ कर दिया। नव्या श्रृंगार स्टोर एंड फोटो डिजिटल से लैपटॉप एवं फल दुकान के समीप एनएच 98 मुख्य मार्ग पर फल खरीदारी कर रहे मिस्टी ज्वेलर्स के व्यापारी राकेश सोनी के बाईक में लटका आभूषण से झोला देखते-देखते ले भागे। मिस्टी ज्वेलर्स के राकेश सोनी का दुकान नावाबाजार में ही है और वह शाम को दुकान बंद कर स्टैंड में फल खरीदने गया था। इसी दौरान आभूषण चोरी की घटना हुई है। इधर लगातार बढ़ रही चोरी के घटनाओं से आहत व्यवसायियों ने कहा है कि प्रशासन को त्वरित कार्रवाई करनी चाहिये। इधर नावाबाजार थाना प्रभारी चिंटू कुमार ने घटना की सूचना पाकर स्टैंड में लगे सीसीटीवी की खंगाल करते हुये चोरों की धर पकड़ तेज कर दी है। उन्होंने बताया कि सीसीटीवी फुटेज से चोर बहुत जल्द गिरफ्त में होंगे।

### वज्रपात से युवक की मौत

**सगमा** : प्रखंड में हल्की बारिश के साथ हुई वज्रपात से पुतुर गांव सदानंद यादव की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सदानंद यादव अपने घर से दो सौ मीटर दूरी से अपने घर आ रहे थे। इसी बीच बुधवार की शाम में हल्की बारिश के साथ हुई वज्रपात से वे चपेट में आ गये। घायलावस्था में परिजनों ने तत्काल उन्हें बेहतर इलाज के लिये अनुमंडल अस्पताल ले गये जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उधर घटना के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो गया है। घटना की सूचना मिलने पर बड़ी संख्या में लोगों ने मृतक के घर जाकर दुख व्यक्त किया तथा परिजनों को सांत्वना दी।

# साईकिल वितरण में संवेदक द्वारा बरती जा रही है भारी लापरवाही



बंशीधर न्यूज

**भवनाथपुर :** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कल्याण विभाग से मिलने वाली आठवीं कक्षा के छात्र छात्राओं को साईकिल वितरण में संवेदक के द्वारा भारी लापरवाही बरती जा रही है। बुधवार को प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेलपहाड़ी के 53 छात्रों के बीच साईकिल वितरण किया गया। जिसमे कई साईकिल में घंटी, लाईट, कैरिअर नहीं लगा था। साथ ही किसी भी साईकिल के टायर में हवा नहीं होने के कारण छात्र को साईकिल को पैदल एक किलोमीटर दूर जा कर दुकान में पैसा खर्च कर टाईट फिटिंग कराना पड़ रहा है। साईकिल वितरण के पहले दिन ही छात्र से 50-50 रु वसूली की भी शिकायत मिली। जहां गांव के हीउमत रसूल अंसारी के द्वारा पैसा वसूला जा रहा था। जिसकी सूचना सिंघीताली निवासी छोटन चौबे को सूचना मिलने पर प्रखंड कार्यालय पहुंचकर हंगामा करने पर लिये गये कुछ छात्र को पैसा वापस कराया गया। हालांकि विद्यालय के शिक्षक अशोक कुमार से पूछे जाने पर पैसा वसूली की शिकायत के बारे में अनभिज्ञता जाहिर किया गया। बताते चलें की पूरे झारखंड में पंजाब की कंपनी हीरो ईको टैक्स को साईकिल देने का ठेका दिया गया है।जिसके द्वारा जल्दीबाजी में साईकिल कसने के चक्कर में कर्मी लापरवाही बरत रहे हैं। भवनाथपुर प्रखंड में 1200 बच्चों के बीच साईकिल वितरण होने है जिसमे मात्र अभी 800 साईकिल का ही कसाई किया गया है। कल्याण विभाग के प्रखंड प्रभारी राजगीर राम ने बताया कि साईकिल वितरण में पूर्ण रूप से पारदर्शिता का ध्यान रखा जा रहा है कोई त्रुटि नहीं हो रही है।

**अपराध** गढ़वा पुलिस को मिली बड़ी सफलता

# 24 लाख रु. के ब्राउन शुगर के साथ तीन गिरफ्तार

बंशीधर न्यूज

**गढ़वा :** गढ़वा पुलिस ने 24 लाख रुपये के ब्राउन शुगर के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में पलामू जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के नेनुवा गांव निवासी रामलाल चंद्रवंशी का पुत्र अविनाश कुमार चंद्रवंशी, गढ़वा थाना क्षेत्र के सोनपुरवा रेलवे स्टेशन निवासी स्व कृपालु चौहान का पुत्र शत्रुघन कुमार चौहान उर्फ छोटू कुमार एवं पिंटू कुमार चौहान के नाम शामिल हैं। इसकी जानकारी एसपी दीपक कुमार पांडेय ने बुधवार को गढ़वा थाना में प्रेस कांफ्रेंस कर दी। एसपी श्री पांडेय ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि एक काला भूरे रंग के मारुति स्विफ्ट कार (जेएच 01 सी एक्स 9759) से अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा सासाराम, मोहनिया से ब्राउन शुगर खरीद कर गढ़वा में बिक्री किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस सूचना के आधार पर एसडीपीओ नीरज कुमार के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल ने कार्रवाई करते हुये भरठिया महुपी रोड पहुंचकर चेकिंग लगाया। उन्होंने बताया कि चेकिन के दौरान कार पर सवार लोगों ने पुलिस को देखकर कार को लेकर भागने का प्रयास किया। इसी दौरान छापेमारी दल द्वारा उक्त कार को पकड़ा गया इसमें तीन लोग सवार थे। उक्त तीनों की बारी-बारी से तालाशी लेने पर अविनाश कुमार चंद्रवंशी के पास से दो मोबाईल, एक ब्राउन शुगर जिसका वजन 21.550 ग्राम, शत्रुघन कुमार चौहान के पास से दो मोबाईल, 79.430 ग्राम ब्राउन शुगर तथा पिंटू कुमार चौहान के पास से दो मोबाईल, 20.460 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया गया। एसपी ने बताया कि उक्त तीनों कारोबारी गढ़वा जिला के अलावे पलामू, गुमला, लातेहार जिला में ब्राउन शुगर की बिक्री करते थे। पिंटू चौहान व शत्रुधन चौहान का आपराधिक इतिहास रहा है। इससे पूर्व भी इसी मामले में जेल जा चुका है। छापामारी दल में एसडीपीओ नीरज कुमार, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी बृज कुमार, पुअनि सुभाष कुमार पासवान, शशि कुमार शर्मा, सअनि अभिमन्यु कुमार सिंह, आरक्षी अभय कुमार सिंह सहित पुलिस के जवान शामिल थे।



### वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन



**गढ़वा :** अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर रामासाहू आउटडोर स्टेडियम के मैदान में वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में वॉलीबॉल सेंटर डे बोर्डिंग की टीम तथा रामासाहू मुख्यमंत्री एक्सीलेंस विद्यालय की टीम के खिलाड़ियों ने भाग लिया। मैच में तीन सेट के मुकाबले में डे बोर्डिंग की टीम दो सेट जीतकर विजयी हुई। मौके पर गढ़वा जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र पाठक ने कहा कि सभी प्रतिभागियों को ओलंपिक संघ की तरफ से प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया जायेगा। हम लोग प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी विश्व ओलंपिक दिवस को धूमधाम से मना रहे हैं, जिसमें सभी खेल के खिलाड़ी एवं पदाधिकारी को हिस्सेदारी लेनी चाहिये। मौके पर गढ़वा जिला ओलंपिक संघ के महासचिव आलोक मिश्रा, सुशील तिवारी, अजयकांत, चंद्र बहादुर सिंह, ओमप्रकाश गुप्ता, किशोर कुणाल, डे बोर्डिंग प्रशिक्षक प्रभात रंजन तिवारी, रामासाहू मुख्यमंत्री हाई स्कूल के फिजिकल टीचर प्रदीप कुमार सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

### झामुमो युवा मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष बने छोटन



**केतार** : झारखंड मुक्ति मोर्चा के युवा मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष एवं सचिव का चयन किया गया है। केतार प्रखंड में झामुमो युवा मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष के रूप में छोटन कुमार सिंह एवं सचिव हरिनंदन राम को चुना गया। दोनों को अध्यक्ष सचिव बनाये जाने पर युवाओं में खुशी है। प्रखंड अध्यक्ष बनाये जाने पर छोटन कुमार सिंह ने कहा कि यह बहुत खुशी की बात है कि हमें झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन के द्वारा प्रखंड अध्यक्ष के काबिल समझ कर इस पद को दिया गया। उन्होंने कहा कि झामुमो आने वाले विधानसभा चुनाव में रिकॉर्ड मतों से भवनाथपुर विधानसभा में जीत दर्ज करेगी। झामुमो के नेतृत्व वाली झारखंड सरकार राज्य का चौतरफा विकास कर रही है।

## विधायक पुष्पा ने अधिकारियों को दिये समाधान के निर्देश

बंशीधर न्यूज



**मेदिनीनगर :** पाटन छतरपुर विधायक पुष्पा देवी ने बुधवार को अपने मेदिनीनगर स्थित आवास पर जनसमस्याओं को सुना। समस्याओं को सुनने के बाद उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को तत्काल समाधान के निर्देश दिये। इस दौरान छतरपुर विस क्षेत्र से पहुंचे कई लोगों ने अपनी निजी व सामाजिक समस्याओं को रखा। विधायक ने प्राप्त आवेदनों को ध्यान से पढ़ने के बाद संबंधित पदाधिकारी को निर्देश के साथ अग्रसारित कर दिया। कई मामलों में तो उन्होंने सीधा सीओ व बीडीओ समेत संबंधित पदाधिकारियों से बात की। पूर्व सांसद भाजपा नेता मनोज कुमार ने बताया कि वे लगातार क्षेत्र की जनता से जुड़े हुये हैं और भाजपा के किले को और मजबूत करने का काम कर रहे हैं। केंद्र की जनकल्याणकारी योजनाओं को नये लाभुकों तक पहुंचाने का कार्य भी जोर शोर से चल रहा है। इस अवसर पर काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## डीसी के जनता दरबार में पहुंचे फरियादी

बंशीधर न्यूज



**मेदिनीनगर** : डीसी शशि रंजन नेबुधवार को अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में जनता दरबार लगाकर आमजनों की समस्याएं सुनी।जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं गांवों से आये फरियादियों ने डीसी के समक्ष उपस्थित होकर अपनी समस्याएं रखी। साथ ही समस्याओं से संबंधित आवेदन दिया। डीसी ने आवेदकों की बात ध्यान से सुनने व आवेदन को पढ़ने के बाद संबंधित पदाधिकारी को ससमय निष्पादन के निर्देश के साथ अग्रसारित कर दिया। जनता दरबार में नीलाम्बर पिताम्बरपुर से आयी आशा देवी ने जमीन सम्बंधित मामले को लेकर अपना आवेदन देते हुये न्यायोचित कार्रवाई की मांग की। नावा बाजार से आये प्रयाग पाण्डेय ने अपनी जमीन का जिला स्तरीय अमीन से भूमि मापी कराने तथा नौडीहा पंचायत से आयी रिमझीम कुमारी ने आंगनबाड़ी केंद्र में सहायिका के पद पर बहाली में अनियमितता को लेकर शिकायत की। पाटन से आये प्रमोद पासवान ने अपने गांव बड़की पाल्हे में चापाकल लगाने संबंधित शिकायत डीसी से की।

### पौधारोपण अभियान चलाने की आवश्यकता है : नवीन तिवारी



**मेदिनीनगर** : सामाजिक कार्यकर्ता नवीन तिवारी ने कहा कि पलामू प्रमंडल ने इस वर्ष लगातार 45 डिग्री सेल्सियस से ऊपर तापमान का दंश झेला है। यहां तक कि इस वर्ष 47 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। भूगर्भ जल स्तर दिनों-दिन नीचे जा रहा है और अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी पेयजल समस्या बड़े पैमाने पर उभरकर सामने आ रही है। ऐसे में पौधारोपण ही है जो हमें इस बड़े संकट से दूर कर सकता है। श्री तिवारी ने कहा कि राजस्थान के बहुत से क्षेत्रों में पौधारोपण से भूगर्भ जल स्तर बढ़ गया है। वहीं वन क्षेत्र में रहने के बावजूद वृक्ष की कटाई के कारण पलामू रेगिस्तान की ओर कदम बढ़ा रहा है। श्री तिवारी ने सभी राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों व सजग नागरिकों से पौधारोपण की अपील करते हुए कहा है कि अभी नहीं चेते तो अगले कुछ सालों के बाद पलामू रहने लायक भी नहीं बचेगा।

# विंढमगंज से अंबिकापुर रेल लाइन बिछाने का सर्वे शुरू

बंशीधर न्यूज



**श्री बंशीधर नगर :** उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले के विण्ढमगंज से छत्तीसगढ़ राज्य के अंतर्गत अंबिकापुर के लिए रेलवे लाइन बचाने के लिए सर्वे का काम शुरू हो गया है। विण्ढमगंज रेलवे स्टेशन को जंक्शन बनाकर यहां से अंबिकापुर को जोड़ने की रेल मंत्रालय की योजना के तहत सर्वे हो रहा है, विण्ढमगंज रेलवे स्टेशन के पूरब की तरफ झारखंड प्रांत के बिलासपुर गांव से होते हुए बाया धुरकी से छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर को जोड़ना है रेल मंत्रालय ने सर्वे के लिए एक निजी एजेंसी को यह काम करने के लिए दिया है।जो पिछले एक सप्ताह से विण्ढमगंज से झारखंड प्रांत के घुरकी तक सर्वे का काम कर रही है सूत्रों के अनुसार जून 2024 तक यह सर्वे का काम किसी भी हालत में पूर्ण कर लिया जाएगा। सर्वे टीम के लोग ड्रोन कैमरा के माध्यम से 100 मीटर चौड़ा जमीन को चिंतित कर मार्किंग निशान लगा रहे हैं विढमगंज से सटे झारखंड प्रांत के गांव बिलासपुर, मकरी ,घघरी, दुसैया, झुमका पुत्तुर परासपानी होते हुए कनहर नदी के किनारे गांव बालचौरा तक का सर्वे हो चुका है सर्वे टीम कनहर नदी के उस पार छत्तीसगढ़ में इस समय सर्वे कर रही है।



### तीन रेलवे स्टेशनों से हो रहा है सर्वे

विण्ढमगंज सोनभद्र पूर्व मध्य रेलवे धनबाद के बरवाडीह चोपन रेल मार्ग से छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर को जोड़ने के लिए तीन रेलवे स्टेशनों से सर्वे कराया जा रहा है यूपी के सोनभद्र जिले के रेणुकूट और विण्ढमगंज तथा झारखंड के पलामू जिला के बरवाडीह रेलवे स्टेशन से अंबिकापुर को जोड़ने के लिए रेलवे मंत्रालय ने सर्वे करने का निर्णय लिया है अभी तक रेणुकूट अंबिकापुर और बरवाडीह से अंबिकापुर का सर्वे पूरा हो चुका है जबकि विण्ढमगंज से अंबिकापुर का सर्वे का काम तेजी से चल रहा है जून 2024 तक सभी स्थानों की सर्वे रिपोर्ट रेलवे मंत्रालय को सौपना है

### कई दशकों से हो रही थी मांग

विण्ढमगंज सोनभद्र पूर्व मध्य रेलवे धनबाद मंडल के बरवाडीह चोपन रेल मार्ग से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर के अंबिकापुर छत्तीसगढ़ रेलवे स्टेशन को जोड़? की मांग को लेकर कई दशकों से अंबिकापुर के लोग आंदोलन करते आ रहे हैं रेलवे मंत्रालय ने पिछले साल सर्वे करने का निर्णय लिया था केंद्र में नई सरकार के गठन होने और छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार के बनने के बाद इस काम में तेजी आई है।

**विष्णु दयाल राम सांसद पलामू झारखंड**

विण्ढमगंज से अंबिकापुर छत्तीसगढ़ तक रेलवे लाइन बिछाने का सर्वे का काम चल रहा है इसके अलावा बरवाडीह और रेणुकूट से भी अंबिकापुर तक सर्वे कार्य हुआ है सरकार इस बारे में जल्द ही निर्णय लेगी।

**बीडी राम सांसद पलामू**



## करण कुंद्रा, तेजस्वी प्रकाश का हुआ ब्रेकअप? तीन साल का रिश्ता खत्म

रियलिटी शो बिग बॉस के 15वें संस्करण को दर्शकों ने खूब पसंद किया। तेजस्वी प्रकाश और करण कुंद्रा की लव स्टोरी भी सलमान खान के इसी शो से शुरू हुई थी। तब से दोनों एक साथ हैं। हालांकि, पिछले कुछ दिनों से दोनों के ब्रेकअप की अफवाहें आ रही थीं। अब ऐसा लगता है कि ये वाकई अलग हैं। रिपोर्ट के मुताबिक करण और तेजस्वी ने अपना तीन साल का रिश्ता खत्म कर लिया है। एक माह पहले हुए ब्रेकअप को छिपाकर रखा गया। अब इस जोड़े के एक करीबी सूत्र ने खुलासा किया है कि उनके बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था, जिसके कारण उन्होंने अलग होने का फैसला किया। सूत्र ने कहा, उनके अलग होने के पीछे की असली वजह अभी तक समझ में नहीं आई है। सूत्रों के मुताबिक, करण और तेजस्वी अब एक-दूसरे को डेट नहीं कर रहे हैं। इनके ब्रेकअप को एक महीने से ज्यादा का वक्त हो गया है। हालांकि, उनके ब्रेकअप के पीछे का कारण तो पता नहीं चला है, लेकिन इतना पता है कि पिछले कुछ समय से दोनों के बीच छोटी-मोटी लड़ाइयां चल रही हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, दोनों ने यह खबर प्रशंसकों के साथ शेयर नहीं की, क्योंकि वे पिछले तीन साल से अपने प्रशंसकों के लिए एक पावर कपल रहे हैं।

## अर्जुन कपूर की प्री बर्थडे पार्टी में नहीं पहुंचीं मलाइका



बॉलीवुड एक्टर अर्जुन कपूर 26 जून को 39 साल के हो गए हैं। इसका जश्न मनाने के लिए उन्होंने आधी रात को एक भव्य पार्टी का आयोजन किया। इस पार्टी में बॉलीवुड के कई कलाकार शामिल हुए। इसमें जान्हवी कपूर, शनाया कपूर, मोहित मारवाह, संजय कपूर, महीप कपूर और कुछ अन्य लोग शामिल थे। एक्टर को अर्जुन के घर के बाहर देखा गया। लेकिन अर्जुन की गर्लफ्रेंड मलायका अरोड़ा कहीं नजर नहीं आईं। इसलिए, उनके ब्रेकअप की चर्चा छिड़ गई है। अर्जुन कपूर की पार्टी में परिवार के ज्यादातर सदस्य शामिल हुए थे और संभव है कि अर्जुन ने बुधवार को कहीं मलाइका के साथ कुछ निजी समय बिताने का इंतजाम किया हो। अर्जुन कपूर और मलायका अरोड़ा सालों से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। दोनों ने अपने रिश्ते को ऑफिशियल कर दिया है। लेकिन अभी तक शादी का फैसला नहीं किया है। इससे पहले भी कई बार अर्जुन-मलाइका के ब्रेकअप की खबरें आ चुकी हैं। हालांकि, इस खबर की पुष्टि न तो अर्जुन और न ही मलायका ने की है। पिछले महीने अर्जुन कपूर और मलायका अरोड़ा के ब्रेकअप की खबरें आई थीं।



**कामाख्या मंदिर की शुद्धि के बाद श्रद्धालुओं के लिए खुले मंदिर के पट**

# कोटा सांसद ओम बिरला फिर चुने गये लोक सभा के अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** 18वीं लोकसभा के लिए अध्यक्ष पद का आज सदन की कार्यवाही में चयन किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कुछ अन्य सदस्यों ने कोटा से सांसद ओम बिरला का अध्यक्ष पद के लिए नाम प्रस्तावित किया, जिस पर ध्वनिमत से सदन ने मोहर लगा दी। विपक्ष की ओर से अरविंद सावंत और कुछ अन्य नेताओं ने के. सुरेश का नाम प्रस्तावित किया। हालांकि मत रखने के दौरान ओम बिरला के नाम पर विपक्ष ने मत विभाजन की मांग नहीं की और ध्वनिमत से उन्हें चुन लिया गया।



### प्रधानमंत्री ने किया नाम प्रस्तावित

लोकसभा में प्रोटेम स्पीकर ने अध्यक्ष पद का चुनाव कराया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राजीव रंजन सिंह, जितम राम मांझी, अमित शाह, जाधव प्रतापराव, चिराग पासवान, जोयंता बासुमतारी, एचडी कुमार स्वामी, के राममोहन नायडु, डॉ. इंद्रा हंग सुब्बा, अनुप्रिया पटेल, किशन पाल, डॉ विरेन्द्र कुमार, एसपी सिंह बघेल और अनुप्रिया देवी ने ओम बिरला का नाम प्रस्तावित किया। वहीं अरविंद सावंत, आनंद भदौरिया, सुप्रिया सुले ने के. सुरेश का नाम प्रस्तावित किया। इन सदस्यों के प्रस्ताव को आगे एक-एक सदस्य ने अनुमोदन किया। अध्यक्ष के रूप में ध्वनिमत से चयन के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और नेता विपक्ष राहुल गांधी एवं संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने मिलकर ओम बिरला को अध्यक्षीय आसन पर बिठाया। राहुल गांधी ने इस दौरान प्रधानमंत्री से हाथ मिलाया। इसके बाद संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने प्रोटेम स्पीकर की भूमिका में भर्तहरि महताब और पैनल सदस्यों को धन्यवाद दिया।

### प्रधानमंत्री और विपक्ष के नेताओं ने दी बधाई

अध्यक्ष चुने जाने पर प्रधानमंत्री मोदी सहित पक्ष और विपक्ष नेताओं ने ओम बिरला को बधाई दी। प्रधानमंत्री ने अपने वक्तव्य में कहा कि वे विनम्र, व्यवहार कुशल और मीठी मुस्कान हैं। बलराम जाखड़ के बाद दोबारा अध्यक्ष बनने वाले वे पहले हैं। उन्होंने कहा कि संसद की गरिमा बनाए रखने के लिए उन्हें कई बार पीड़ा सहते हुए भी कठोर निर्णय लेने पड़े हैं। कोरोना के दौरान उन्होंने सभी सांसदों का ख्याल रखा और व्यक्तिगत तौर पर उनका हालचाल जाना। प्रधानमंत्री ने ओम बिरला की अध्यक्षता में हुई पी20 को भी याद किया। उन्होंने कहा कि सांसदों को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए कि बड़ी जिम्मेदारी निभाते हुए भी उन्होंने कैसे अपने संसदीय क्षेत्र में काम किया है। उन्हीं की अध्यक्ष में पिछली लोकसभा में नारी वंदन, जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन जैसे बड़े विधेयक पारित हुए और सदन की उत्पादकता 97 प्रतिशत रही। नेता विपक्ष के तौर पर राहुल गांधी ने ओम बिरला को बधाई देते हुए कहा कि विपक्ष को बोलने का अवसर मिलना चाहिए। विपक्ष को चुप कर देना लोकतंत्र के खिलाफ है। वे संसद के अंतिम मध्यस्त की भूमिका में हैं और सरकार तथा विपक्ष दोनों को उनसे उम्मीद है। विपक्ष भी जनता का ही प्रतिनिधत्व करता है। हम सहयोग करने और सदन को चलाने के पक्ष में हैं। ऐसे में विपक्ष की आवाज को भी प्रतिनिधत्व मिलना चाहिए। समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि यह सदन बिना भेदभाव के आगे बढ़ेगा। निष्पक्षता और जिम्मेदारी के साथ उनसे सदन चलाने की उम्मीद है। उन्हें उम्मीद है कि वे सत्ता पक्ष पर भी अंकुश लगायेंगे। वे चहाते हैं सदन उनके इशारे पर चले और इसका उल्टा न हो। तृणमूल कांग्रेस नेता सुदीप बंधोपाध्याय ने कहा कि सदन विपक्ष का होता है और उसकी सकारात्मक बातों को भी सम्मान मिलना चाहिए। सदन से 150 सदस्यों को निलंबित कर देना लोकतंत्र नहीं है। पिछली लोकसभा में कई विधेयक पारित हुए, लेकिन वे केवल पेश किए गए और बिना चर्चा के पारित कर दिए गए। ऐसा नहीं होना चाहिए। द्रमुक नेता टीआरबालू ने बिरला को बधाई देते हुए कहा कि भले ही वे कमल के निशान पर जीतकर आए हैं लेकिन उन्हें कमल की ही तरह पानी में रहकर पानी से अलग रहना चाहिए। विपक्ष को भी महत्व मिलना चाहिए। इसके अलावा भी कई सांसदों ने सदन अध्यक्ष को बधाई देने साथ अपनी बात रखी। शिवसेना बालासाहब ठाकरे से सांसद अरविंद सावंत ने चुनाव आयोग से जुड़े कानून और मणिपुर का मुद्दा उठाया। न्याय तथा संवेदनशीलता की मांग की। एनसीपी शरदपवार नेता सुप्रिया सुले ने कोविड के दौरान ओम बिरला से मिले सहयोग के लिए उनका धन्यवाद दिया। उन्होंने केन्द्रीय मंत्रियों से मिले सहयोग का जिक्र करते हुए कोशिश और बातचीत से विषयों को सुलझाने की बात कही।

## लालकृष्ण आडवाणी की हालत स्थिर

**नई दिल्ली।** देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' से अलंकृत और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठतम नेता लालकृष्ण आडवाणी को देररात राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में भर्ती कराया गया। फिलहाल उनकी हालत स्थिर है और उन्हें चिकित्सकों की गहन निगरानी में रखा गया है। पूर्व उपप्रधानमंत्री आडवाणी को एम्स के पुराने प्राइवेट वार्ड



में भर्ती कराया गया है। यूरोलॉजी विभाग के चिकित्सक उनका इलाज कर रहे हैं। बताया गया है कि पूर्व उप प्रधानमंत्री आडवाणी को उम्रजनित परेशानियों की वजह से एम्स में भर्ती कराना पड़ा है। वो लगभग एक दशक से सक्रिय राजनीति से दूर हैं। हाल ही में उनकी और प्रधानमंत्री मोदी की एक तस्वीर सामने आई थी। मौका था– एनडीए संसदीय दल का नेता चुने जाने के बाद प्रधानमंत्री मोदी उनसे मिलने उनके घर गए थे और उनका आशीर्वाद लिया था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली में 96 वर्षीय आडवाणी को उनके आवास पर औपचारिक समारोह में 'भारत रत्न' प्रदान किया था। इस समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, गृहमंत्री अमित शाह और लालकृष्ण आडवाणी के परिवार के सदस्य शामिल हुए थे। पाकिस्तान के कराची में आठ नवंबर, 1927 को जन्मे आडवाणी 1998 से 2004 के बीच भाजपा नीत राजग सरकार में गृहमंत्री रह चुके हैं। वो 2002 से 2004 के बीच स्मृति शेष अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में देश के सातवें उप प्रधानमंत्री का पद संभाल चुके हैं।

**Hit लिस्ट**

## डोडा मुठभेड़ में तीन आतंकी ढेर, तलाशी अभियान जारी

**डोडा।** जम्मू-कश्मीर में डोडा जिलान्तर्गत गंदोह के वन क्षेत्र में सुरक्षाबलों और



आतंकियों के बीच जारी मुठभेड़ में एक और आतंकवादी मारा गया है। इसके साथ ही मरने वाले आतंकियों की संख्या तीन हो गई है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि अब तक तीन आतंकवादी मारे गए हैं जबकि इलाके में तलाशी अभियान जारी है। अभियान समाप्त होने के बाद ही आतंकवादियों की पहचान का पता चल पाएगा। उन्होंने कहा कि उनके कब्जे से अमेरिका निर्मित एम4 राइफल सहित हथियार और गोला.बारूद भी बरामद किया गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि 11 और 12 जून को पहाड़ी जिले में हुए दोहरे आतंकवादी हमलों के बाद से सेना और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल सीआरपीएफ के साथ पुलिस का गहन तलाशी और घेराबंदी अभियान जारी था।

## राहुल गांधी को विपक्ष के नेता के रूप में मान्यता

**नई दिल्ली।** रायबरेली से कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को आज बुधवार 26 जून को लोकसभा में विपक्ष के नेता के रूप में मान्यता मिल गई। 18वीं लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिरला ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी



को लोकसभा में विपक्ष के नेता के रूप में मान्यता दे दी है। इस बारे में आज एक अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। अधिसूचना के मुताबिक राहुल गांधी को 9 जून से लोकसभा के नेता के रूप में मान्यता दी गई है।

# आपात काल देश के लोकतंत्र पर अमिट धब्बा : शारदा महेश

**शारदा महेश प्रताप देव**

25 जून 1975 के आपातकाल की घोषणा को केवल काला दिवस की संज्ञा देकर भुलाया नहीं जा सकता। आज के ठीक पचास साल पहले कांग्रेस पार्टी की तानाशाह महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने विश्व के विशालतम एवं महान लोकतंत्र को अपने पैरों से रौंदा था। उस दिन अपने सांस्कृतिक एवं राजनीतिक परंपराओं की महान विरासत के लिए संसार में प्रसिद्ध भारत माता का सिर झुक गया था। देश के लगभग सभी विरोधी पार्टियों के बड़े-बड़े नेता, जो वर्षों से लोकतांत्रिक विचारों का भारी भरकम बोझ अपनी मातृ भूमि को परम- वैभव तक पहुंचाने के लिए अपने कंधों पर ढो रहे थे, उन्हें पकड़कर अपराधी



की तरह जेलों में ठूंस दिया गया। जिन राजनीतिक नेताओं या कार्यकर्ताओं को ₹आपात काल₹ की घोषणा की भनक गिरफ्तार होने से पहले लग गई वे जहां तहां दूसरों के घरों में छिपकर आश्रय लिए। पुलिस का ऐसा आतंक था कि जिन घरों में नेताओं के छिपने की आशंका होती उन्हें पुलिस आधी रात में भी घेर कर घर खोलवाती और घुस कर खोज करती। पूरे देश में ₹आपात काल₹ का ऐसा आतंक था जैसे किसी बाहरी ताकत नें आक्रमण कर दिया हो। यदि ₹आपात काल₹ लगाने के औचित्य पर विचार किया जाए तो देश पर कोई आक्रमण होने वाला नहीं था, न ही देश हित में किसी नुकसान की आशंका थी सिर्फ अपनी कुर्सी बचाने के लिए देश के संविधान पर आघात पहुंचाकर उतना बड़ा अपराध इस कांग्रेसी निरंकुश इंदिरा गांधी ने कर दिया।

अब उस काले विरासत को ढोने वाले उनके आज के कांग्रेसी नेता और उनके पोता राहुल गांधी एवं पतोहू सोनिया जी संविधान की प्रतियों दिखा कर पता नहीं क्या संदेश देना चाहते हैं। उधर जब राहुल विदेश जाते हैं तो देश की भर पेट निंदा करते हैं और देश हित को क्षति पहुंचाते हैं। वापस देश में आकर संविधान के प्रति समर्पण दिखाते हैं। कभी देश के दुश्मन चीन से हाथ मिलाने चले जाते हैं तो कभी टुकड़े टुकड़े गैंग के लोगों को अपनी पार्टी का सदस्य बना लेते हैं। सत्ता हासिल करने के लिए विदेशी दुश्मनों से मदद की अपेक्षा करते हैं। इसलिए आज के इस काले दिवस के अवसर पर देश के समस्त राष्ट्र भक्त महान देशवासियों से निवेदन हैं कि आज के ऐसे सत्ता लोलुप कांग्रेसी एवं उनके पिट्ठू राजनीतिक पार्टियों पर कड़ी नजर रखी जाए ताकी देश सुरक्षित, समृद्ध और सतर्क रहे और फिर कोई दूसरें आपातकाल की पुनरावृति नही हो।

**(लेखक भाजपा के वरिष्ठ नेता हैं, यह उनके निजी विचार हैं।)**

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक–धीरेन्द्र चौबे, संपादक–धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)